हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

04 विवाह जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय जल्दबाजी...



07 मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर मालवीय जानकारी...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

आईसेट की कौशल विकास यात्राः छात्राओं को दी गई AI की जानकारी



गुना। आईसेट (ISET) द्वारा आयोजित कौशल विकास यात्रा के अंतर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में छात्राओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईसेट के राज्य संयोजक श्री आर.के. भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्य मृदुला सक्सेना के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की उपयोगिता, उसके विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते महत्व तथा आधुनिक तकनीक के प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही, प्रतिभाशाली छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उभरती हुई आधुनिक तकनीकों के प्रति जागरूक करना, उनमें तकनीकी समझ विकसित करना तथा कौशल विकास के माध्यम से उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित करने और उनमें नवाचार की भावना विकसित करने का सार्थक प्रयास किया गया।

आज शहर के इन क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

गुना। सहायक प्रबंधक शहर जोन म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ने बताया हैं कि 11 केव्ही नजूल एवं बूढे बालाजी फीडर पर दीवाली पर्व पूर्व पोस्ट मानसून मेंटेनेंस कार्य होने से दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक भार्गव कालोनी, मटकरी कॉलोनी, गुरूनानक कॉलोनी, वर्धमान भवन, कमला गैरिज, उमरिया गाँव, शांति ढाबा लक्ष्मीगंज, सोनी कॉलोनी, दूबे कॉलोनी, बैजू चौराह, जयस्तंभ चौराहा, चौधरन कॉलोनी, तलैया मौहल्ला, हरिओम किराना पुरानी छावनी, सोनी कॉलोनी, धाकड़ कॉलोनी तथा 33 केव्ही उच्चदाब कनेक्शन वरूण क्षेत्र का विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा। उक्त समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया व बढाया जा सकता हैं।

13वें कुशवाहा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर 1 नवंबर को होगी बैठक

गुना। कुशवाहा समाज के अब तक 12 परिचय सम्मेलन समाजबंधुओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आगामी 13वें कुशवाहा परिचय सम्मेलन के आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए 1 नवंबर 2026, रविवार को बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 2 बजे श्रीराम जानकी प्राचीन मंदिर, पुरानी छावनी, गुना में श्रीराम जानकी कुशवाहा विवाह सम्मेलन समिति, पुरानी छावनी के तत्वावधान में आयोजित होगी। समिति ने समस्त कुशवाहा समाजबंधुओं से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव देने की अपील की है, ताकि आगामी परिचय सम्मेलन को और अधिक व्यवस्थित एवं सफल बनाया जा सके।

30 दिवसीय ब्यूटीशियन कोर्स के प्रशिक्षण का समापन

गुना। शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में स्वामी विवेकानन्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संजीत श्रीवास्तव(CEO जनपद पंचायत चाचौड़ा) एवं विशिष्ट अतिथि श्रवण कुमार नागले (CDPO, महिला एवं बाल विकास विभाग चाचौड़ा), तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. गोरेलाल बिसोरिया द्वारा की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणकर्ता पूर्ति व्यास द्वारा विगत एक माह के अंतर्गत स्किन केयर, थ्रेडिंग, हेयर स्टाइल, मेकअप आर्टिस्ट्री, नेल आर्ट्स इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

महिला को बचाने के प्रयास में डिवाइडर पर चढ़ी यात्री बस, बड़ा हादसा टला

बस के डिवाइडर पर चढ़ते ही मची अफरा तफरी, बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के व्यस्ततम एबी रोड पर गुरुवार सुबह एक बड़ा सडक़ हादसा होते-होते टल गया। नानाखेड़ी इलाके में भगत सिंह कॉलोनी के समीप अचानक एक महिला के सामने आ जाने से एक निजी यात्री बस अनियंत्रित हो गई और सीधे डिवाइडर पर जा चढ़ी। गनीमत यह रही कि बस की रफ्तार पर चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत नियंत्रण पा लिया, जिससे वाहन में सवार तमाम यात्रियों की जान बाल-बाल बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों और मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह ग्वालियर की ओर से आ रही एक निजी यात्री बस अपनी रफ्तार से जा रही थी। जैसे ही बस नानाखेड़ी स्थित भगत सिंह कॉलोनी के पास पहुंची, अचानक सडक़ पार कर रही एक महिला वाहन के सामने आ गई। महिला को बचाने और टक्कर टालने की हड़बड़ी में चालक ने स्टेयरिंग घुमा दी, जिससे बस बेकाबू होकर सडक़ के बीच बने डिवाइडर पर जा चढ़ी। बस का एक पहिया डिवाइडर पर चढ़ते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और यात्रियों की चीख निकल पड़ी। हालांकि, चालक की तत्परता से बस तुरंत वहीं रुक गई, जिससे किसी भी यात्री को खरोंच तक नहीं आई। अचानक हुए इस घटनाक्रम से एक पल के लिए बस में बैठे लोगों की सांसें थम गई थीं, लेकिन सुरक्षित बाहर आने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। इस अनूठी घटना के चलते कुछ देर के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित हुआ।

जागरूकता रैलीः तंबाकू मुक्त समाज का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले में 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का संचालन 28 अक्टूबर से 26 दिसंबर तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मानस भवन, गुना के प्राचार्य श्री नरेंद्र भारद्वाज के सहयोग से विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों से संबंधित प्रभावी नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक करते हुए तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया। रैली में बच्चों की सक्रिय सहभागिता एवं प्रयासों की आमजन द्वारा सराहना की गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम विनीता सोनी, परामर्शदाता रेखा शर्मा एवं जागृति अहिरवार उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विनीता सोनी द्वारा विद्यालय के आसपास संचालित तंबाकू उत्पाद विक्रय करने वाली दुकानों के संचालकों को कोटपा अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई।

आरोन में खूनी पारिवारिक रंजिश

आरोपः जमीन के विवाद में जेठानियों और बहुओं ने मिलकर महिला की टपरिया तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के आरोन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमराखेड़ा में जमीन के विवाद को लेकर महिलाओं के बीच खूनी संघर्ष का सनसनीखेज मामला सामने आया है। संयुक्त हिस्से की जमीन पर मकान व टपरिया बनाने को लेकर जेठानियों और उनकी बहु-बेटियों ने मिलकर एक महिला पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने न केवल महिला की निर्माणाधीन टपरिया को तोड़ दिया, बल्कि उसे जिंदा जलाने की भी कोशिश की। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने पुलिस प्रशासन में हडक़ंप मचा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेमराखेड़ा निवासी सोमत बाई पत्नी मिट्ठू सहरिया (35) ने आरोन थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी जेठानियों और उनके परिवार के बीच जमीन का साझा हिस्सा है। सोमत बाई जब अपनी जगह पर रहने के लिए टपरिया का निर्माण करवा रही थी, तभी जेठानी और उनकी बहु-बेटियों ने वहां पहुंचकर जमकर तांडव मचाया। पीड़िता का आरोप है कि गालियां देते हुए उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और उसकी टपरिया को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। बात यहीं खत्म नहीं हुई, दबंगों ने उसे जिंदा जलाने की भी खतरनाक कोशिश की। घटना के समय पीड़िता के पति घर पर मौजूद नहीं थे। किसी तरह जान बचाकर थाने पहुंची महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, वहीं वायरल वीडियो के आधार पर भी तथ्यों की जांच की जा रही है।

अहिल्या शाखा ने आयोजित की 'भारत को जानो' प्रतियोगिता

गुना। भारत विकास परिषद की अहिल्या शाखा, गुना द्वारा शुक्रवार को प्रेसीडेंसी हायर सेकेंडरी स्कूल में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा संरक्षिका इंदु सोनी, अध्यक्ष नीरज अवस्थी, सचिव रेनू विकास जैन, कोषाध्यक्ष सरिता गोवर तथा प्रेसीडेंसी स्कूल की शिक्षिकाएँ दीपाली चामलीकर, परमिंदर कौर एवं गार्गी शिंदे सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का द्वितीय चरण आयोजित किया गया, जिसमें प्रेसीडेंसी हायर सेकेंडरी स्कूल, श्री गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं आशा ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं राष्ट्रीय गौरव से संबंधित ज्ञान को प्रोत्साहित किया गया। वहीं 'गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन' प्रकल्प के अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चार शिक्षकों का सम्मान किया गया। साथ ही छह से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण तीनों विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय महा समूहगान रहा। देशभक्ति से ओतप्रोत इस प्रस्तुति ने वातावरण को राष्ट्रप्रेम के भाव से भर दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। आयोजनों का उद्देश्य सम्मान की भावना विकसित करना रहा।

धरनावदा में वारदात, पेट्रोल पंप के पास मिला 50 वर्षीय अधेड़ का शव

सिर और कंधे पर चोट के निशान साथ घूमने वाले दो साथी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेरखेड़ी में एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के ही एक पेट्रोल पंप के पास सडक़ किनारे अधेड़ का शव मिलने से इलाके में हडक़ंप मच गया है। मृतक के शरीर, विशेषकर सिर और कंधे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। सबसे बड़ा संदेह इस बात को लेकर है कि घटना के वक्त मृतक के साथ मौजूद उसके दोनों साथी अचानक फरार हो गए हैं, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेरखेड़ी निवासी 50 वर्षीय मदन पुत्र खेमरिया सहरिया गुरुवार शाम को अपने घर से बाहर निकले थे। मृतक के बड़े भाई पूरनलाल ने बताया कि गत शाम करीब 6 बजे उन्हें सूचना मिली कि मदन का शव गांव के पेट्रोल पंप के समीप पड़ा हुआ है। परिजनों के मुताबिक, घर से निकलने से पहले मदन चिलका गांव के रहने वाले मुन्ना और अमरसिंह के साथ देखा गया था। घटना के बाद से जब मुन्ना और अमरसिंह की तलाश की गई, तो वे अपने घरों से भी नदारद मिले, जिससे इस पूरी घटना का रहस्य और गहरा गया है। परिजनों ने मदन की मौत को महज हादसा मानने से इंकार करते हुए गहरी साजिश की आशंका जताई है और पुलिस प्रशासन से इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि शरीर पर मिले चोट के निशान किसी सुनियोजित हमले की ओर इशारा करते हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची धरनावदा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और फरार दोनों साथियों की तलाश शुरू कर दी है, ताकि मौत के असली कारणों से पर्दा उठ सके।

ओमकार कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



गुना। युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने एवं उनकी कला को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला गुना द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुना (म.प्र.) में किया गया। इस उत्सव में ओमकार महाविद्यालय, गुना के लोकनृत्य, लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक में प्रतिभागियों ने भाग लिया। विद्यार्थीयों ने इन विधाओं में भाग लेकर अपनी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस आयोजन के माध्यम से अपनी प्रतिभा निखारने, अन्य प्रतिभागियों से सीखने तथा अपनी कला को व्यापक मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिला, युवा उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। महाविद्यालय के DMLT PARAMEDICAL पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों शोभा ग्रुप को लोकनृत्य में द्वितीय पुरुस्कार, पेंटिंग में B.COM.LL.B प्रथम सेमेस्टर के शुभम परिहार को द्वितीय पुरुस्कार व कविता लेखन में B.A.LL.B प्रथम सेमेस्टर के अमित खरे को तृतीय पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओमकार कॉलेज परिवार ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

गुना। वनस्टॉप सेंटर गुना में महिलाओं हेतु विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर मे राधाकिशन मालवीय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा उपस्थित महिलाओं को महिलाओं से संबंधित कानूनों, अपराध पीडित प्रतिकर योजना, नालसा एसिड हमले के पीडितों हेतु विधिक सेवा योजना, पॉक्सो एक्ट, घरेलु हिंसा, भरण पोषण अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी के साथ ही नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाकर लाभांवित किया गया।

पॉलीहाउस गुलाब की खेती से किसानों को मिल रहा 15 लाख रुपए तक का सालाना मुनाफा

गुलाबों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार दिलाएंगेः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर किशोर कन्याल ने ग्राम भादौर में प्रगतिशील कृषक धर्मवीर सिंह रघुवंशी के एक एकड़ क्षेत्र में स्थापित गुलाब के पॉलीहाउस का भ्रमण किया। पॉलीहाउस में एक माह पूर्व गुलाब के लगभग 30 हजार पौधे रोपित किये गए हैं, जिनसे चौथे माह से व्यावसायिक उत्पादन प्रारंभ होने की उम्मीद है।

कलेक्टर कन्याल ने कहा कि गुना जिले में पॉलीहाउस के माध्यम से गुलाब की खेती तेजी से लोकप्रिय हो रही है। जिले के उच्च शिक्षित युवा भी आधुनिक तकनीक आधारित इस खेती की ओर आकर्षित हो रहे हैं। वर्तमान में किसान एक एकड़ पॉलीहाउस से लगभग 15 लाख रुपए तक का शुद्ध वार्षिक मुनाफा अर्जित कर रहे हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि उन्नत तकनीक, बेहतर उत्पादन प्रबंधन और आधुनिक विपणन व्यवस्था के माध्यम से इस आय को बढ़ाकर 25 से 30 लाख रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष तक पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में एक एकड़ पॉलीहाउस से लगभग 5 लाख गुलाब के फूलों का उत्पादन हो रहा है। इसे उन्नत तकनीकों के उपयोग से बढ़ाकर 7 से 8 लाख फूल प्रति एकड़ प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही फूलों की गुणवत्ता, आकर्षक पैकिंग, ब्रांडिंग और बेहतर मार्केटिंग पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि गुना के गुलाबों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिल सके। पॉलीहाउस संचालक धर्मवीर सिंह रघुवंशी के सुपुत्र आदित्य रघुवंशी दिल्ली के फूल बाजार का अध्ययन कर अपने गुलाबों को दिल्ली में विक्रय करने की तैयारी कर रहे हैं। साथ ही भविष्य में गुलाबों के निर्यात की संभावनाओं पर भी कार्य किया जा रहा है।

आधुनिक तकनीक पर जोर

उल्लेखनीय है कि गुना जिले में वर्तमान में 50 एकड़ से अधिक क्षेत्र में पॉलीहाउस के माध्यम से गुलाब की खेती की जा रही है। किसान अब सेंसर आधारित ऑटोमेशन, फर्टिगेशन सिस्टम, फार्म गेट पैक हाउस और कोल्ड रूम जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उद्यानिकी विभाग द्वारा पात्रतानुसार इन गतिविधियों पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है।

इस अवसर पर उप संचालक उद्यान के.पी.एस. किरार ने कहा कि विभाग का विशेष जोर किसानों को संगठित कर क्लस्टर आधारित खेती के लिए प्रोत्साहित करने पर है। जब किसान एक ही क्षेत्र में समूह के रूप में समान फसल का उत्पादन करेंगे, तो पैक हाउस, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, कोल्ड स्टोरेज एवं विपणन जैसी पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन गतिविधियों को सामूहिक रूप से विकसित करना आसान होगा।

समाजसेवी ने दो निराश्रित व्यक्तियों को पहुंचाया अपना घर आश्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



समाजसेवी प्रमोद भार्गव लगातार निराश्रित, बेसहारा और भटके हुए लोगों की मदद कर उन्हें सहारा दिलाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने गुना और चाचौड़ा क्षेत्र में मिले दो मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में आश्रय दिलाया। जानकारी के अनुसार, गुना में मिले व्यक्ति ने अपना नाम जनार्दन बताया, जबकि चाचौड़ा में मिले बुजुर्ग अपनी पहचान और परिवार के संबंध में जानकारी नहीं दे सके। एक व्यक्ति ने स्वयं को महाराजगंज का निवासी बताया। प्रमोद भार्गव ने दोनों को आश्रम में भर्ती कराया, जहां उनकी देखभाल एवं उपचार किया जाएगा। साथ ही उनके परिजनों की तलाश कर परिवार से मिलाने के प्रयास भी किए जाएंगे।

आमजन से अपीलः प्रमोद भार्गव ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई इन व्यक्तियों को पहचानता है या उनके परिजनों के बारे में जानकारी रखता है, तो अपना घर आश्रम शिवपुरी से संपर्क कर उन्हें परिवार तक पहुंचाने में सहयोग करें।

समाचार संक्षेप

राघौगढ़ में दिव्यांगजनों और बुजुर्गों के लिए 2 नवंबर को लगेगा सहायक उपकरण शिविर

राघौगढ़। नगर पालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर द्वारा भारत सरकार की एडीआईपी एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के लिए 2 नवंबर 2026, सोमवार को चिन्हांकन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से जनपद पंचायत राघौगढ़ के मीटिंग हॉल में लगेगा। नगर पालिका द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिविर में शामिल होने वाले दिव्यांगजनों को आधार कार्ड के साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड लाना अनिवार्य है। पात्रता के लिए 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता होना आवश्यक है। इसके अलावा बीपीएल कार्ड अथवा 22,500 रुपये प्रतिमाह से कम आय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। निवास प्रमाण के लिए आधार कार्ड एवं समग्र आईडी भी साथ लानी होगी। वहीं, राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत लाभ लेने के लिए हितग्राही की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होना आवश्यक है। पूर्व में सामान्य सहायक उपकरण प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के लिए उपकरण प्राप्ति की तारीख से तीन वर्ष तथा ट्राईसाइकिल या मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के लिए पांच वर्ष की अवधि पूरी होना जरूरी है। नगर पालिका ने पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर अपना चिन्हांकन करवाएं, ताकि उन्हें योजना के तहत निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में शामिल किया जा सके।

राघौगढ़ में भव्य कलश यात्रा के साथ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



राघौगढ़। नगर में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ 24 कुंडीय राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। नारी सशक्तिकरण वर्ष 2026-27 के अंतर्गत वंदनीय माताजी एवं अखंड दीप की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित इस महायज्ञ का उद्देश्य सनातन संस्कृति का उत्थान, विलुप्त होती संस्कार परंपराओं की पुनर्स्थापना तथा समाज में सद्भावना और समरसता को बढ़ावा देना है। गायत्री ट्रस्ट राघौगढ़ के तत्वावधान में यह आयोजन रामनगर रोड स्थित मामाजी के गार्डन में किया जा रहा है। शुक्रवार सुबह 9 बजे लालापुरा स्थित पीपल वाले कुएं से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कलश यात्रा में महिलाएं बसंती रंग की साड़ियों में शामिल हुईं, वहीं पुरुष श्रद्धालु कुर्ता-पायजामा और धोती-कुर्ता जैसी पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। धार्मिक उत्साह और श्रद्धा से परिपूर्ण यात्रा के माध्यम से नगरवासियों को गायत्री महायज्ञ के धार्मिक एवं सामाजिक उद्देश्यों से अवगत कराया गया। गायत्री ट्रस्ट राघौगढ़ के अध्यक्ष एवं महायज्ञ के आयोजक सुधीर शर्मा ने बताया कि यह आयोजन परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण तथा गायत्री तीर्थ शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। महायज्ञ के माध्यम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, सामाजिक सद्भाव और समरसता की मंगलकामना की जाएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, व्यसनमुक्ति और सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए लोगों को संकल्प दिलाया जाएगा।

श्रमण धारा प्रवचनमाला के 104वें दिन युवक-युवतियों को दिया संयम का संदेश

विवाह जीवन का एक महत्वपूर्ण निर्णय जल्दबाजी से बचें युवक-युवतियां: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली आशुकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ में जारी श्रमण धारा प्रवचनमाला के 104वें दिन युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए भावावेश में गलत कदम न उठाएं विषय पर प्रेरक प्रवचन दिए।
मुनिश्री ने कहा कि अंतर्जातीय विवाह कई बार भावुकता में लिया गया निर्णय होता है। दांपत्य जीवन को सुखी एवं दीर्घकालीन बनाने के लिए विवाह से पूर्व गंभीरता से विचार करना आवश्यक है। उन्होंने जैन दर्शन में वर्णित आठ कर्मों में गोत्र कर्म की व्याख्या करते हुए उच्च गोत्र एवं निम्न गोत्र की अवधारणा पर प्रकाश डाला।
मुनिश्री ने भगवान ऋषभदेव एवं अन्य तीर्थंकरों के प्राचीन ग्रंथों में उल्लेख का संदर्भ देते हुए वर्ण व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि समझाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा एवं नौकरी के लिए घर से दूर रहने वाले युवक-युवतियों में आपसी आकर्षण के कारण प्रेम विवाह की स्थिति बन जाती है। ऐसे में अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को उचित मार्गदर्शन दें और उन्हें धार्मिक संतों के सानिध्य एवं संस्कारों से जोड़ें।
उन्होंने युवक-युवतियों को पढ़ाई के दौरान तथा विवाह से पूर्व ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने की प्रेरणा दी। मुनिश्री ने कहा कि भावावेश और जल्दबाजी में लिए गए निर्णय भविष्य में पछतावे का कारण बन सकते हैं। प्रवचन के अंत में मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने अपनी स्वरचित कविता जल्दी में बिगड़े काम, थोड़ा धीरज धरो का भावपूर्ण पाठ किया। मंच संचालक विकास कुमार जैन ने आगामी 1 नवंबर 2026, रविवार को आयोजित होने वाले भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि जैन समाज राघौगढ़ द्वारा आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समारोह में गुना, रुठियाई, धरनावदा, एनएफएल विजयपुर, आरोन, कुंभराज, बीनागंज, जामनेर, गंजबासौदा, सागर, उज्जैन सहित अनेक स्थानों से श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पॉलिटेक्निक महा विद्यालय में साइबर सुरक्षा को लेकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। इस सेमीनार में साइबर क्राइम जैसे डिजिटल अरेस्ट,सोशल मीडिया माध्यम, बैंक स्कैम आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश ने कहा कि छात्र-छात्राएं सोशल मीडिया का सीमित प्रयोग सतर्कता के साथ करें और किसी भी प्रकार की रील्स बनाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में ना डालें। साइबर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एस.आई. संजय गुप्ता ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि साइबर क्राइम की तीन मुख्य वजह डर, लालच और लापरवाही होती है। कोई भी बैंक टेलीफोन के माध्यम से आपके खाते से सम्बंधित जानकारियाँ नहीं पूछता। इस प्रकार के फ़ोन कॉल पर अपनी निजी जानकारिया नहीं देनी चाहिए। विडियो कॉल के माध्यम से भी लोगो को ब्लैकमेल किया जा रहा है, इसलिए हमे इस प्रकार के कॉल्स को भी अटेंड नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन ठगी एवं सोशल मीडिया से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जिनका समाधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एस.आई. संजय गुप्ता द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. बी.के. गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक रहने की सलाह देते हुए कहा की इस सेमीनार से छात्र-छात्राओं में साइबर सिक्यूरिटी का ज्ञान बढ़ेगा। इस अवसर पर संस्था के एम.के. नेमा, डॉ. मोनेश जैन, सचिन शर्मा, मनीष वैद्य, सीताराम चौहान, आशु गुरहा, अंकुर सोनी, हेमंत सुमन, प्रशांत रघुवंशी, आनंद कुमार उके, योगेश तिवारी, अंकित साहू, प्रशांत चैहान, आर. एस. रघुवंशी, आदि सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राए उपस्थित रहे।

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर वार्डों का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने किया वार्डों का भ्रमण।द्वितीय चरण के कार्य को लेकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सुचारू संचालन के लिए दिए आवश्यक निर्देश।राघौगढ़। जनगणना 2027 के कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में जनगणना के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव एवं जिला जनगणना प्रभारी मनोज कनाडे ने नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने वार्डों की स्थिति का निरीक्षण करते हुए जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान जनगणना कार्य के बेहतर संचालन, वार्ड स्तर पर व्यवस्थाओं की स्थिति तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य संपन्न कराने से जुड़े पहलुओं पर ध्यान दिया गया।

शिकायतः मामूली धक्का लगने पर दबंगों ने मामा-भांजे पर बोला हमला

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरौदा खुर्द में चाय की दुकान पर मामूली धक्का लगने को लेकर उपजे विवाद में दबंगों ने दो लोगों पर लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस मारपीट में गंभीर रूप से घायल मामा को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत बनी हुई है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी जीतू कुशवाह ने कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने मामा राजू कुशवाह के साथ पिपरौदा खुर्द में मेहरवान की होटल पर चाय पी रहा था। इसी दौरान वहां मोहल्ले के ही राज , जावेद, निक्की और कन्हैया आ पहुंचे। दुकान पर सामान लेते समय कन्हैया को हल्का सा धक्का लग गया, जिस पर वह आग बबूला होकर गालियां देने लगा। विरोध करने पर चारों आरोपियों ने डंडों से लैस होकर मामा राजू कुशवाह पर हमला बोल दिया, जिससे उनके सिर, दोनों पैरों और हाथों में गंभीर चोटें आईं।

सीता हरण का भावपूर्ण मंचनः जटायु रावण युद्ध ने दर्शकों को किया भावुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



श्री हनुमानजी रामलीला मंडल द्वारा गुरुवार रात्रि सीता हरण की लीला का आकर्षक एवं रोमांचक मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने सजीव अभिनय से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से भावविभोर कर दिया। मंचन के दौरान सूर्पनखा अपने साथ हुई घटना का समाचार लेकर खर-दूषण के दरबार में पहुंचती है। इसके बाद खर-दूषण अपनी सेना के साथ भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से युद्ध करते हैं, जिसमें दोनों वीरगति को प्राप्त होते हैं। यह समाचार सुनकर रावण चिंतित हो जाता है और समझ जाता है कि श्रीराम कोई साधारण मनुष्य नहीं, बल्कि भगवान विष्णु के अवतार हैं। इसके बावजूद वह अपने कुल के उद्धार के उद्देश्य से सीता हरण की योजना बनाता है। रावण अपने मामा मारीच के पास पहुंचकर उसे स्वर्ण मृग का रूप धारण कर राम-लक्ष्मण को कुटिया से दूर ले जाने के लिए कहता है। मारीच पहले उसे समझाने का प्रयास करता है, लेकिन रावण के भय से स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी पहुंच जाता है। सुंदर मृग को देखकर माता सीता भगवान श्रीराम से उसे लाने का आग्रह करती हैं। श्रीराम मृग का पीछा करते हुए दूर निकल जाते हैं। अंत में मारीच भगवान के बाण से घायल होकर 'हा राम, हा लक्ष्मण' की आवाज लगाता है। आवाज सुनकर सीता माता व्याकुल हो जाती हैं और लक्ष्मण को श्रीराम की सहायता के लिए भेजती हैं। लक्ष्मण उन्हें समझाते हैं कि श्रीराम को कोई संकट नहीं हो सकता, लेकिन सीता के आग्रह पर वे कुटिया के बाहर लक्ष्मण रेखा खींचकर चले जाते हैं। इसी अवसर का लाभ उठाकर रावण साधु का वेश धारण कर कुटिया पर पहुंचता है और भिक्षा मांगता है। लक्ष्मण रेखा के कारण वह अंदर प्रवेश नहीं कर पाता। जैसे ही सीता माता भिक्षा देने के लिए रेखा से बाहर आती हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्यप्रदेश की रिक्त राज्यसभा सीट से हरदीप सिंह पुरी को उम्मीदवार बनाए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा जिला मुख्यालय स्थित गांधी पार्क पर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि एपस्टीन प्रकरण को लेकर विवादों में सामने आने के बाद भी भाजपा द्वारा उन्हें मध्यप्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया जाना प्रदेश की जनता के सम्मान से जुड़ा गंभीर विषय है। कांग्रेस ने इस निर्णय पर सवाल उठाते हुए इसे मध्यप्रदेश का अपमान बताया तथा अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान विधायक इंजी. हरिबाबू राय, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, लक्ष्मी प्रजापति, पार्षद किरण कुशवाह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल शर्मा, रामकुमार लोधी जिला कांग्रेस सोशल मीडिया एवं आईटी सेल अध्यक्ष अमन महाराज, यूथ कांग्रेस राष्ट्रीय समन्वय सचिन त्यागी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस सेवादल के संयुक्त नेतृत्व में देश की पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और देश के पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला चिकित्सालय में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में कांग्रेस पार्टी के कई प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया। प्रमुख रक्तदाता शिविर के दौरान कांग्रेस जनों ने मानवता का परिचय देते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिनमें प्रमुख से राजेंद्र सिंह कुशवाहा जिला अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, राहुल शर्मा पंडा जिला अध्यक्ष, कांग्रेस सेवादल एवं नगर अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी, सुरेश पाल,अजय अहिरवार सोशल मीडिया विधानसभा अध्यक्ष, असलम खान पवन पाल, कृष्ण प्रजापति, धर्मेंद्र,चांद वंशकार, शिविर में सभी रक्तदाताओं को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए आदर्श मेडिकल एवं निष्ठा मेडिकल की ओर से फल, बिस्किट और जूस का वितरण किया गया। इस सामाजिक एवं राष्ट्रीय महत्व के आयोजन में कांग्रेस पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से उपस्थित गणमान्य व्यक्ति इंजीनियर हरीबाबू राय विधायक ,रमेश नायक, दशरथ सिंह रघुवंशी, सीमा सुराणा किरण कुशवाहा पार्षद, हीरालाल अहिरवार यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष, रजनीश सिंघाई यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष, सचिन त्यागी, राजकुमार लोधी, अमन महाराज, बल्लू पाल,राजेंद्र ओझा आदि शामिल थे।

'आवश्यकतानुसार वन-वे और वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत बाजारों में बढ़ती भीड़ एवं कृषि उपज मंडियों में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से अनाज की आवक प्रारंभ होने के कारण यातायात का दबाव बढ़ने तथा जाम की स्थिति निर्मित होने की संभावना को देखते हुए जिले में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र की अनाज मंडियों एवं प्रमुख बाजारों में यातायात व्यवस्था का सतत निरीक्षण करें तथा मंडी व्यापारियों एवं किसानों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर यातायात प्रबंधन की प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें। जिन स्थानों पर यातायात का दबाव अधिक रहता है, वहां आवश्यकता के अनुसार वन-वे व्यवस्था लागू करने, वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने तथा ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आवागमन एवं पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम नागरिकों एवं व्यापारियों को आवागमन में असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि त्यौहारों के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुख मार्गों, चैराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए तथा जाम की स्थिति निर्मित न होने दी जाए। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली निर्धारित स्थानों पर ही खड़े करें, यातायात नियमों का पालन करें ।

पुलिस लाइन में साप्ताहिक जनरल परेड आयोजित की गई

अशोकनगर। पुलिस लाइन अशोकनगर स्थित परेड ग्राउंड में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा परेड की सलामी लेकर किया गया। सलामी उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश ने प्लाटून-वार परेड निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्न आउट, परेड मुद्रा, वर्दी की स्वच्छता, परेड की शुद्धता एवं अनुशासन का गहन मूल्यांकन किया। इसके बाद सभी प्लाटून कमांडरों द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल स्वरूप में परेड अभ्यास कराया गया, जिसमें सलामी की मुद्रा, दाएँ-बाएँ देख, पथ क्रम एवं संयुक्त संचालन जैसी महत्वपूर्ण परेड प्रक्रियाओं का विस्तृत अभ्यास कराया गया। परेड का संचालन रक्षित निरीक्षक अविनाश उमरैया द्वारा पूर्ण दक्षतापूर्वक किया गया, जिन्होंने पूरे अभ्यास सत्र में निर्देश, अनुशासन व तालमेल बनाए रखा। निर्धारित अभ्यास के उपरांत सभी प्लाटून द्वारा आकर्षक एवं अनुशासित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसके साथ ही परेड का समापन हुआ।पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि परेड पुलिस विभाग में अनुशासन की नींव है। नियमित परेड से पुलिस बल की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता विकसित होती है।

8 करोड़ के एसटीपी प्लांट में घटिया निर्माण का आरोप, शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरे हालात



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

आठ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे एसटीपी प्लांटों के निर्माण कार्य में कथित घटिया सामग्री के इस्तेमाल का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि शिकायतों और खबरों के प्रकाशन के बावजूद निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवाल थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा निरीक्षण के दौरान भी निर्माण स्थल पर कथित तौर पर घटिया सामग्री और ऐसी रेत मिलने की बात सामने आई है, जिसके इस्तेमाल पर आपत्ति जताई जा रही है। इससे निर्माण कार्य की निगरानी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

शिकायतें और खबरें भी बेअसर, आखिर किसकी जिम्मेदारी?

आठ करोड़ रुपये की लागत कोई छोटी रकम नहीं है। इतनी बड़ी राशि से तैयार होने वाले एसटीपी प्लांट में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके बावजूद यदि बार-बार शिकायतें सामने आ रही हैं और निरीक्षण के दौरान भी सामग्री को लेकर सवाल उठ रहे हैं, तो यह गंभीर मामला है। सवाल यह भी है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों और एजेंसियों को सौंपी गई है, उनकी निगरानी आखिर कितनी प्रभावी है?

साइट इंचार्ज बोलेः काम सही, सीएमओ ने दिए सुधार के निर्देश

निर्माण स्थल पर जब साइट इंचार्ज से काम की गुणवत्ता और इस्तेमाल की जा रही सामग्री को लेकर सवाल किए गए, तो उन्होंने अपने काम को सही ठहराया। दूसरी ओर, मामले में सीएमओ प्रदीप शर्मा ने स्वीकार किया कि निर्माण कार्य को लेकर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि संबंधित ठेकेदार कंपनी की कंसल्टेंसी को भी नोटिस जारी किया गया है। निर्माण कार्य पर निगरानी रखने के लिए इंजीनियरों को लगाया गया है, ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। सीएमओ ने आश्वासन दिया कि वह स्वयं हर चार दिन में निर्माण स्थल का निरीक्षण करेंगे और निर्माण कार्य को बेहतर करवाएंगे।

जीवन की सार्थकता अध्यात्मिक उत्सव से है: मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्सव आते हैं अहंकार, मनमुटाव और कड़वाहट को दूर करने के लिये। इसलिये जब भी आपके सामने त्योहार या उत्सव का कोई प्रसंग उपस्थित होता है उस समय हमे अपने अंदर की तैयारी पहले करनी है। हमे अपने आप को संवेदनाओं और प्रेम भावना से पूर्णतः भरना है।
उन्होंने कहा कि त्योहार जब भी आयें, उस समय हम अपने उन रिश्तेदारों को ध्यान में रखे जिनसे कभी मनमुटाव हुआ हो, कही किसी बात पर कहासुनी हुई हो, किसी के प्रति मन में कुछ गलत विचार आये हों। इनके करीब जाने का, इनके पुराने शिकवे मिटाने का और रिश्तों में नई गरमाहट लाने का अवसर खोजे। जो व्यक्ति अपने जीवन के इन व्यवहारिक पहलुओं को गौण करके मात्र अपना-अपना ही विचार करता है, वह व्यक्ति एक स्वार्थपूर्ण जीवन ही जीता है। ऐसा जीवन मात्र एक मरण तक की सामान्य यात्रा को पूर्ण करता है। परन्तु जो व्यक्ति इन सभी परिस्थितियों में सामंजस्य बैठाकर मात्र अपने लक्ष्य की ओर गति करता है वह अपना जीवन भी सार्थक करता है और उसका मरण भी स्मरण किया जाता है। आपके द्वारा इस बार उत्सव की तैयारी ऐसी हो, जिससे एक नई शुरुआत हो। हमारे उत्सव में सहभागी निभाने वाले हर उस व्यक्ति के प्रति हमारा हृदय से धन्यवाद होना चाहिये। चाहे वह इस उत्सव में किसी भी रूप में हमारा सहभागी क्यों न हो। इस तरह से हम हमारे विचारों से, हमारी क्रियाओं से, हमारे चिन्तन से इस उत्सव में एक नई ऊर्जा का संचार कर सकते हैं।

कार ने लोडिंग वाहन को टक्कर मारी

अशोकनगर। शहर में बीती रात एक स्कार्पिओ कार अनियंत्रित होते हुए एक लोडिंग वाहन से जा टकराई जिसके बाद यह कार एक बिजली के खंबे से टकरा गई। इस घटना में कार और लोडिंग वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। खम्बा टूटने से बड़ी घटना टल गई। घटना स्थानीय रेस्ट हाउस और पछाड़ी खेड़ा सड़क मार्ग के बीच की है इस मार्ग पर एक स्कार्पियों वाहन तेज गति से जाते हुए एक लोडिंग वाहन से टकरा गई जिस जगह यह घटना हुई उस जगह मनोज योगी का घर है। यह वाहन मनोज योगी है जो क्षतिग्रस्त हो गया है, और यहां लगा बिजली का खम्बा नीचे से टूटकर उनके मकान की ओर झुक गया है, यह कार काले रंग की होना बताई गई है जिसमें 4 लोग सवार थे। जिस समय यह घटना हुई उस समय घर में लोग सो रहे थे और कार की एयरवेग खुलने के बाद वह 50 मीटर आगे तक चली गई। पुलिस जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची और मामला दर्ज किया गया है।

माह अक्टूबर 2026 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन की अध्यक्षता में माह अक्टूबर में सेवानिवृत हुए 10 शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत द्वारा सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को शॉल,श्रीफल भेंट कर भावभीनी विदाई गई। सम्मान समारोह में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सेवानिवृत्त शासकीयकर्मी आने वाले दूसरे पड़ाव के अमूल्य क्षण अपने परिवार एवं समाज की सेवा में दें। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में रहते हुए जो कार्य पूर्ण नही कर पाए,उन कार्यो को पूरा करें। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह में रतनलाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर सुरेश सिंह रघुवंशी सी.एम.एच.ओ. कार्यालय अशोकनगर, दयाराम मौरे बी.ई.ओ. कार्यालय अशोकनगर, तारा सिंह यादव बी.ई.ओ. कार्यालय अशोकनगर, चंद्रेश कुमार शर्मा बी.ई.ओ. कार्यालय मुंगावली, जीजाबाई चौहान बी.ई.ओ. कार्यालय ईसागढ, ज्योति शर्मा बी.ई.ओ.कार्यालय ईसागढ, कमल सिंह रघुवंशी बी.ई.ओ. कार्यालय ईसागढ़, प्रकाश नारायण व्यास बी.ई.ओ. कार्यालय ईसागढ एवं रामभरोसे जाटव बी.ई.ओ. कार्यालय ईसागढ के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया गया।

खबर संक्षेप

महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत वर्षा पत्नि दीपक साहू उम्र 33 साल निवासी अचलगढ़ ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

बिजली का करंट लगने से महिला की मौत

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी पूजा पत्नि शनि जोगी उम्र 28 साल को बिजली का करंट लग गया था, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामंले की जांच की जा रही है।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत विनय पुत्र हीरालाल अहिरवार उम्र 36 साल निवासी उर्जा कॉलोनी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

अज्ञात चोर बाईक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत तायड़े कॉलोनी निवासी रामनिवास रघुवंशी एडवोकेट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि न्यायालय परिसर अशोकनगर से कोई अज्ञात चोर उनकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 जेडबी 1025 है, पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

महिला की बाइक से नीचे गिरने से मौत

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत अरोंन की तल्लैया के पास से जब बाईक निकल रही थी उसी समय बाईक एक स्वान से टकरा गई। जिससे ज्ञान बाई पत्नि स्वर्गीय जसरथ लोधी उम्र 50 साल निवासी तारई की मौत हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को भ्रमण के दौरान जिला मुख्यालय पर संचालित डबललॉक केन्द्र अशोकनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डबललॉक केन्द्र पर डीएपी स्टॉक की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा उर्वरक वितरण के लिए संचालित ई-विकास प्रणाली के तहत ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण की जानकारी ली।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी विकास बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रीत रघुवंशी, अभिषेक रघुवंशी और मनीष शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी धर्मेन्द्र जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय राय ने उससे मोबाइल पर अश्लील गांलियां दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आंवरी निवासी देशराज अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मुकेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेजी निवासी संतोष शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरिओम और सहदेव रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से हरिओम रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संतोष और बृजेश शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नावनी निवासी नीलेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी काशीराम और आकाश साहू ने उसके घर में घुसकर लोहे की छड़ से मारपीट की। जिले के थाना चंदेरी क्षेत्र के अंतर्गत नयाखेड़ा निवासी थान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बलराम और राहुल लोधी ने उससे मारपीट की।

तहसीलदार से कहा-जब तक जानकारी न दें तब तक बैठाकर रखें

मंडी का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर मालवीय जानकारी नहीं मिलने पर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





कृषि उपज नई गल्ला मण्डी में शुक्रवार को कलेक्टर साकेत मालवीय मण्डी का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मण्डी सचिव प्रेम सिंह मीना से कहा कि मण्डी में आने वाली और नीलामी के बाद जाने वाली ट्रेक्टर ट्रॉलियों का हिसाब रखा जाए। 28 अक्टूबर की जानकारी न दिए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि मण्डी की व्यवस्थाएं सुधारी जाएं। मण्डी गेट पर कर्मचारियों को तैनात किया जाए, गेट पर ताला लगाकर रखा जाए। उन्होंने जानकारी मण्डी सचिव से मांगी और तहसीलदार से कहा कि जब तक जानकारी न दें तब तक उन्हें बैठाकर रखा जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रवेश पर्ची में स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि संबंधित किसान की ट्रॉली मंडी परिसर में किस तरफ अथवा किस निर्धारित स्थल पर खड़ी होगी। प्रत्येक प्रवेश पर्ची पर दिनांक अनिवार्य रूप से अंकित की जाए, जिससे ट्रॉलियों के प्रवेश एवं आवागमन का व्यवस्थित रिकॉर्ड रखा जा सके। मंडी परिसर में ट्रॉलियों को निर्धारित स्थान पर कतारबद्ध खड़ा कराया जाए, जिससे नीलामी एवं कृषि उपज की खरीद-बिक्री का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि व्यापारियों द्वारा किसानों की फसल की नीलामी समय से की जाए। मंडी परिसर में किसानों एवं हम्मालों के लिए स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पेयजल के लिए निर्धारित स्थानों पर पानी की उपलब्धता, स्वच्छता एवं नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मंडी परिसर में आने वाले किसानों को पानी की पर्याप्त सुविधा हो: उन्होंने मंडी परिसर में स्थित सभी बोरवेलों पर पानी की उपलब्धता हेतु हैंडपंप स्थापित किए जाएँ, जिससे किसानों एवं मंडी में आने वाले लोगों को पानी की सुविधा मिल सके। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मंडी में अपनी उपज लेकर आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी मुंगावली का किया निरीक्षण,व्यवस्थाओं को दुरस्त करने दिए निर्देश



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी में आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखते हुए किसानों को शासन के निर्देशानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार संतोष धाकड़ सहित संबंधित अधिकारी एवं मंडी प्रबंधन के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर साकेत मालवीय ने कृषि उपज मंडी मुंगावली का निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देशित किया कि कृषि उपज मंडी आने वाले कृषकों को शुद्ध पेयजल की पर्याप्त उपलब्ध सुनिश्चित कराई जाएं।

टोकन सिस्टम के माध्यम से फसल की नीलामी की जाए

जगह-जगह टंकियों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने मंडी में आने वाले ट्रेक्टर ट्रॉलियों को व्यवस्थित रूप से लगवाए जाने के निर्देश दिए । साथ ही टोकन सिस्टम के माध्यम से फसल नीलामी की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि कृषि उपज मंडी आने वाले कृषकों को भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए केन्टीन का संचालन किया जाए। साथ ही भोजन के लिए निर्धारित शुल्क मंडी द्वारा निर्धारित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मुंगावली बृजविहारीलाल श्रीवास्तव सहित संबंधित साथ रहे।



डॉ. विशाल ईसागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीएमओ बने

ईसागढ़। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के निरंतर प्रयासों एवं संगठनात्मक एकजुटता के परिणामस्वरूप डॉ. लखमीचंद के स्थान पर डॉ. विशाल को खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ), ईसागढ़ का प्रभार सौंपा गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा नवनियुक्त बीएमओ डॉ. विशाल का शाल एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव विष्णुप्रसाद साहू, ईसागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजोरिया, ईसागढ़ तहसील अध्यक्ष राजेंद्र लोधी, नईसराय तहसील अध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी,तहसील उपाध्यक्ष भगवत कुशवाह, बहादुर कुशवाह, ईसागढ़ तहसील उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, अनिल शर्मा, नीरज यादव, अतुल शर्मा, प्रेमनारायण ओझा एवं राधेश्याम सहित संघ के अनेक सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। यह अवसर केवल स्वागत एवं सम्मान का नहीं, बल्कि संगठन की सामूहिक शक्ति, एकजुटता और सकारात्मक प्रयासों का भी प्रतीक है।

गणना ब्लॉकों के गठन व सीमांकन की समीक्षा

जिला जनगणना टीम द्वारा जनगणना 2027 की तैयारियों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना तथा नोडल अधिकारी डी.एन.सिंह, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी बी.एस.वसुनिया के मार्गदर्शन में जिले के समस्त 14 चार्ज क्षेत्रों का जिला जनगणना टीम द्वारा भ्रमण किया गया।

जिसमें जनगणना के प्रथम चरण में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी, फील्ड ट्रेनर, सुपरवाईजर, प्रगणक का मानदेय भुगतान की समीक्षा की गई। भोपाल से आए जिला जनगणना प्रभारी जमील खान ने समस्त चार्ज कार्यालयों का भौतिक निरीक्षण, कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जनगणना- 2027 के अंतर्गत जिले में गणना ब्लॉक के गठन एवं संक्षिप्त मकानसूची तैयार करने से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान चार्ज कार्यालयों में पहुंचकर गणना ब्लॉकों के गठन एवं सीमांकन संबंधी कार्यों का मैन्युअल सत्यापन किया गया। इसके साथ ही अशोकनगर, मुंगावली, चंदेरी, ईसागढ़, सहित विभिन्न चार्ज कार्यालयों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण में विशेष रूप से यह जांच की गई कि गणना ब्लॉकों का विभाजन एवं सीमांकन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है या नहीं। गणना ब्लॉकों की सीमाओं की शुद्धता तथा निर्धारित मानकों के पालन पर विशेष ध्यान दिया गया, ताकि जनगणना से संबंधित आगामी कार्यों को व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

मुंगावली में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम व मासिक बैठक संपन्न

अशोकनगर। शुक्रवार को जनपद पंचायत मुंगावली के सभाकक्ष में संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय एवं क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में विकासखंड की 27 सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों, परामर्शदाताओं एवं नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में वेदप्रकाश गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना सागर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं जनभागीदारी से ग्राम विकास को गति देने पर जोर दिया गया।

दो वॉकी-टॉकी, दो मोबाइल फोन और 24 हजार नकद जब्त

अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह के तीन अन्य आरोपी ग्राम रुसल्ली से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नईसराय उपनिरीक्षक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम द्वारा साइबर ठगी के अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े तीन अन्य आरोपियों को ग्राम रुसल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से दो वॉकी-टॉकी, दो मोबाइल फोन, 24,000 नगद एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

फर्जी एआइ वीडियो के जरिए खुलवाते थे बैंक खाते

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह के सदस्य विभिन्न मोबाइल एप्लीकेशन एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों के आधार कार्ड एवं फोटो प्राप्त कर उनका दुरुपयोग करते थे। इसके बाद एआइ टूल की मदद से संबंधित व्यक्ति के फोटो से बोलते एवं हिलते-डुलते हुए फर्जी वीडियो तैयार किए जाते थे। इन वीडियो का उपयोग बैंकों की वीडियो केबाईसी प्रक्रिया में कर फर्जी तरीके से बैंक खाते खुलवाए जाते थे। खाते खुलने के बाद गिरोह के सदस्य संबंधित खातों की पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड एवं सिम अपने कब्जे में ले लेते थे। इसके बाद इन बैंक खातों को साइबर ठगी, ऑनलाइन गेमिंग एवं अन्य वित्तीय धोखाधड़ी में संलिप्त व्यक्तियों को लगभग 8,000 से 10,000 में बेच दिया जाता था। इन खातों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में की गई साइबर ठगी की रकम का लेन-देन किया जाता था।

जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्यों के बीच साइबर ठगी की रकम के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते आगरा निवासी राजू एवं रंजीत यादव को लेकर गिरोह के सदस्यों ने आपस में ही ठगी की योजना बनाई। योजना के तहत रंजीत के अन्य साथियों ने फर्जी पुलिसकर्मी बनकर वॉकी-टॉकी एवं पुलिस मोनो लगी कार के साथ पहुंचकर राजू एवं रंजीत को पकड़ने का नाटक किया तथा गिरफ्तारी एवं मारपीट का भय दिखाकर उनसे बचने के एवज में 30 लाख रुपये की मांग की। बाद में 20 लाख रुपये में सौदा तय किया गया तथा उक्त राशि मंगाई जा रही थी। इसी दौरान थाना नईसराय पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों से सघन पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा गिरोह के अन्य सदस्यों, अंतरराज्यीय नेटवर्क, संदिग्ध बैंक खातों, वित्तीय लेन-देन तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

दो हेक्टेयर में बनी उपमंडी 4 दिन से फुल परिसर में न पानी न शौचालय, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीते मंगलवार से बहादुरपुर कस्बे की उपमंडी में पैर रखने जगह नहीं है, प्रतिदिन 500 से अधिक वाहनों से मक्का, धान एवं सोयाबीन की आवक इस मंडी में हो रही है। जबकि मंडी में बने दोनों षेडों में करीब 200 वाहनों के लगाए जाने की व्यवस्था है। षेष वाहनों को डाकबोली के लिए करीब तीन किलोमीटर दूर निर्माणाधीन बायपास पर ले जाया जा रहा है।

आवंटित करना चाहिए

स्थानीय गल्ला व्यापारी एवं भाजपा नेता मनोज कांसल ने बताया कि मंडी में प्रतिवर्ष बढ़ती आवक को देखते हुए इसके भौगोलिक विस्तार की आवष्यकता है। उनका कहना है कि परिसर से लगी हुई 4 हेक्टेयर शासकीय भूमि भी मंडी को आवंटित करनी चाहिए एवं अगले वर्ष तक इसे पूर्ण मंडी का दर्जा दिया जाना चाहिए। बता दें कि सन 1980 से लेकर 2018 तक बहादुरपुर में हाटमंडी थी। जिसके लिए 2 हेक्टेयर भूमि आवंटन किया गया था। 2018 में इसे उपमंडी में प्रोन्नत कर दिया गया और मौजूदा भूमि में ही 6 करोड़ की लागत से नवनिर्माण कराए गए थे। तब से अब तक मंडी में आवक लगातार बढ़ रही है। जिससे इसके विस्तार की आवष्यकता महसूस की जाने लगी है। खास बात है कि मंडी समिति के सचिव रविंद्र सिंह से इस समस्या के संबंध में कई बार संपर्क करने की कोषिष की जा चुकी है लेकिन न तो वह मंडी निरीक्षण के लिए आ रहे हैं और न ही फोन पर उपलब्ध हो रहे हैं।

प्रशासकीय भवन, कैंटीन सहित आधे परिसर पर व्यापारियों का कब्जा

8 वर्षों से संचालित इस उपमंडी में करीब दो दर्जन व्यापारी पंजीकृत हैं। इसके अलावा मुंगावली कृषिमंडी के व्यापारी भी यहां की डाकबोली में हिस्सा ले सकते हैं लेकिन प्रबंधन द्वारा अब तक व्यापारियों के लिए फड़ों का आवंटन नहीं किया गया है। ऐसे में प्रषासकीय भवन, किसान विश्राम गृह, कैंटीन एवं आधे से अधिक परिसर पर व्यापारियों द्वारा कब्जा कर खरीदी गई उपज को रख लिया गया है।

निरीक्षण कर रहा हूं

मैं दो दिन से लगातार निरीक्षण कर रहा हूं। अनुविभागीय अधिकारी ने भी गुरुवार को निरीक्षण किया था। आक्रोषित किसानों से चर्चा कर डाकबोली की अस्थाई व्यवस्था कराई गई थी। वाहनों को व्यवस्थित ढंग से लगवाया है, पहले आओ पहले पाओ के आधार पर टोकन बांटे जा रहे हैं। षौचालय एवं पेयजल संबंधी सुधार के लिए मंडी सचिव को निर्देषित किया गया है।

नवल किषोर दादौरिया, प्रभारी तहसीलदार, बहादुरपुर

पूर्व विधायक राव देशराज सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि पर भजन संध्या आज

मुंगावली। क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय राव देशराज सिंह यादव की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज नगर परिषद मुंगावली ग्राउंड पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमे प्रसिद्ध बुंदेली भजन गायक केशराज बादल और निशा भारती भजनों की प्रस्तुति देंगी। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल होंगे। कार्यक्रम में भजन गायकों द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा जा रहा है। पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय राव देशराज सिंह यादव के व्यक्तित्व, सामाजिक योगदान एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों को याद किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में विधायक ने हितग्राहियों को हितलाभ का किया वितरण

शिविर में विधायक ने हितग्राहियों को योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत शुक्रवार को नगर परिषद मुंगावली में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि जनता का अटूट विश्वास मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में शुक्रवार को जनपद पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं का जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर निराकरण मौके पर ही कराया जाता है।

कार्यक्रम में हुआ हितलाभ का वितरण

कार्यक्रम में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव एवं कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ का वितरण किया गया। राजस्व विभाग विभाग के माध्यम से चार हितग्राही को बीपीएल कार्ड,दो को आर्थिक सहायता, जुगराम अहिरवार, लक्ष्मण सिंह, आकाश सिंह को मकान क्षति, करतार सिंह को कुआं की क्षति के लिए 25000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि, शिवानी अहिरवार को 4 लाख रुपए,गौतम कटारिया को 45000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि के स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। नगर परिषद मुंगावली के माध्यम से तीन हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन, एक हितग्राही को कल्याणी पेंशन, दो को संबल योजना के कार्ड का वितरण,एक हितग्राही का नामांतरण,12 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी प्रकार पीएम स्वनिधि के अंतर्गत 12 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

15 स्कूली बच्चों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 15 बच्चों को जाति प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा अनामिका अहिरवार को मसाला उद्योग हेतु 03 लाख 40 हजार रूपये की ऋण राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मृत्युंजय साहू, अंशुल सुमन, नितिन रजक, मोहम्मद निसार, मनोज केवट, कैलाश नारायण, अखिलेश एवं कृष्ण पाल को उद्योग हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। शिविर में नवीन उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों द्वारा सफलता की कहानी प्रस्तुत की गई।

गोपाल पुरस्कार योजना में विजेताओं को दिए पुरस्कार

गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना के अंतर्गत वृंदावन ग्राम मल्हारगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मंगल सिंह गुर्जर को एक लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार सोनू राय को 50000, तृतीय पुरस्कार रामचंद्र दास को 25000 का प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान जनसमस्या निवारण शिविर, उद्यम संवाद आयोजित

हितग्राहियों ने सफलता के अनुभवों को साझा किया, स्वामित्व योजना में सौंपी रजिस्ट्रियां





स्वामित्व योजना के हितग्राहियों को सौंपी गईं रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन राजगढ़ के मंगल भवन में किया गया। शिविर में विधायक अमर सिंह यादव एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं मांगों को लेकर पहुंचे आवेदकों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों पर एक-एक कर (वन-टू-वन) चर्चा की तथा संबंधित अधिकारियों से प्रकरणों की जानकारी लेकर आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान स्वामित्व योजना के अंतर्गत अपने आवासीय मकानों की रजिस्ट्री प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को विधायक राजगढ़ श्री यादव एवं कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा रजिस्ट्रियां सौंपी गईं। योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित आवासीय संपत्तियों का अभिलेखीकरण कर हितग्राहियों को उनके मकान का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वामित्व योजना अंतर्गत बनेसिंह, हरिनारायण, प्रेमसिंह, अमृतलाल, अर्जुन, बीरम सिंह तंवर एवं कैलाशचन्द्र सहित अन्य हितग्राहियों को रजिस्ट्रियां सौंपी गईं। स्वामित्व योजना के माध्यम से ग्रामीण आबादी क्षेत्र में स्थित आवासीय संपत्तियों का अभिलेखीकरण कर हितग्राहियों को उनके मकानों का वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे संपत्ति पर उनके अधिकारों को दस्तावेजी आधार मिलता है तथा भविष्य में संपत्ति संबंधी कार्यों में सुविधा प्राप्त होती है। शिविर के दौरान प्राकृतिक आपदा में पानी में डूबने से मृत्यु के प्रकरणों में आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता भी स्वीकृत की गई। ग्राम मोतीपुरा, राजगढ़ निवासी श्री धन सिंह पिता बिरम सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कैलाशी बाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ द्वारा आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। इसी प्रकार ग्राम आम्बा, राजगढ़ निवासी श्री चन्दर पिता गोकुल की पुत्री राधिका की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजगढ़ द्वारा आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही मिले

राजगढ़ विधायक श्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति एवं प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण और आमजन को सुगम एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव सुनाए

शिविर में उद्यम संवाद का भी आयोजन किया गया। इसमें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। हितग्राहियों ने बताया कि शासन की योजनाओं से आर्थिक एवं अन्य सहायता प्राप्त कर उन्होंने स्वयं के उद्योग-व्यवसाय स्थापित किए हैं और आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इस दौरान उनके अनुभवों को सुना गया तथा अन्य लोगों को भी स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए प्रेरित किया गया।

एसडीएम जय सोलंकी ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

कार्तिक पूर्णिमा मेले और दीपावली पर पटाखा बाजार के लिए तैयारियों में जुट गया प्रशासन



कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर और कृषि उपज मंडी में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

आगामी दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा के आयोजनों को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एसडीएम जय सोलंकी ने अधिकारियों के साथ कृषि उपज मंडी परिसर और कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दीपावली पर पटाखों की बिक्री के लिए इस बार कृषि उपज मंडी परिसर को निर्धारित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देश पर चिन्हित स्थल का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों को साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके बाद परिसर में उगी झाड़ियों और घास की कटाई का कार्य शुरू कराया गया। प्रशासन का उद्देश्य पटाखा व्यापारियों और खरीदारों के लिए सुरक्षित एवं व्यवस्थित बाजार उपलब्ध कराना है।

मुख्य बाजार और आबादी क्षेत्र में पटाखा बिक्री पर रोक

एसडीएम जय सोलंकी ने स्पष्ट किया कि लाइसेंसधारी पटाखा व्यापारी कलेक्टर राजगढ़ की गाइडलाइन के अनुसार केवल निर्धारित मंडी परिसर में ही दुकानें लगा सकेंगे। आबादी क्षेत्र और मुख्य बाजार में पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। विदेशी पटाखों और देवी-देवताओं के चित्र छपे पटाखों की बिक्री पर भी रोक रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों की जानकारी देने के लिए नगर पालिका द्वारा शहर में मुनादी भी कराई जाएगी।

कपिलेश्वर महादेव मंदिर मेले की व्यवस्थाएं भी देखीं

इसके साथ ही एसडीएम ने कार्तिक पूर्णिमा पर कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में लगने वाले मेले की तैयारियों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मेले में लगने वाली दुकानों, झूलों, पार्किंग और मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन और दर्शन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान पुलिस एसडीओपी महेश सुनैया, नायब तहसीलदार कपिल शर्मा, कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी, नगर पालिका से राजकुमार गिरजे, इंजीनियर विक्की ब्राह्मण, गोकुल पुष्पद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

चालक वाहन सहित फरार

नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से 60 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

नेशनल हाईवे सारंगपुर बाईपास पर गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। काका होटल के सामने चैराहे पर तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अल्ताब हुसैन पिता स्माइल अंसारी (60), निवासी मोमन बड़ोदिया, जिला शाजापुर, गुरुवार को अपनी बेटी के घर पढ़ाना गए थे। शाम करीब 7रू30 बजे वे बाइक से मोमन बड़ोदिया लौट रहे थे। इसी दौरान सारंगपुर बाईपास स्थित काका होटल के सामने चैराहे पर अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अल्ताब हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 और हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची। इसके बाद अल्ताब हुसैन को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां डॉक्टर नीता सिंह ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

ज्ञापन में लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई

वार्ड क्रमांक 9 के अधूरे निर्माण कार्यों को लेकर नगर परिषद को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरावर

नगर परिषद कुरावर के वार्ड क्रमांक 9 में लंबे समय से अधूरे पड़े विकास कार्यों को लेकर वार्डवासियों ने नाराजगी जताते हुए नगर परिषद को ज्ञापन सौंपा है। पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविन्द्र मीना के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में लंबित निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू कराने की मांग की गई। साथ ही नगर परिषद को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी गई है।

ज्ञापन में बताया गया कि टॉकीज मोहल्ले में चौधरी के घर से कुशवाहा के घर तक बनने वाली महत्वपूर्ण सड़क का टेंडर स्वीकृत हुए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। वहीं शिक्षक कॉलोनी में नाली निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है। इसके अलावा खेल मैदान में पेबल ब्लॉक लगाने का काम भी लंबे समय से बंद है। निर्माण कार्यों में देरी के चलते स्थानीय रहवासियों को आवागमन सहित अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविन्द्र मीना ने नगर परिषद से सभी लंबित निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए गए, तो वार्डवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर नगर परिषद के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने कहा कि आंदोलन की स्थिति निर्मित होने पर इसकी समस्त जवाबदारी प्रशासन की होगी।



ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व पार्षद इमरान बेग (पारे भाई), रवि कुशवाहा, हेमराज कुशवाहा, घनश्याम माहेश्वरी, नीलू गुरगेला, आफताब अली, बबलू पांडे, विक्रम कुशवाहा, संजू मीना, अभिषेक माहेश्वरी, मोहन कुशवाहा, भारत सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

एसडीएम ने दिया आदेश

पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की, नपा टीम रही तैनात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

नगर में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई शुक्रवार को एसडीएम जय सोलंकी (राजस्व) के आदेश पर नगर पालिका परिषद सारंगपुर की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में वार्ड क्रमांक 09 स्थित शिवनगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 09 शिवनगर निवासी रमेश पिता बाबूलाल की शिकायत एवं एसडीएम (राजस्व) के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा प्लॉट क्रमांक 401ध्ध्2 पर किए गए कब्जे एवं अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति निर्मित न हो। नगर पालिका द्वारा जारी आदेश में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए उपयंत्री विक्की ब्राह्मण को दल प्रभारी नियुक्त किया गया था। उनके साथ राजकुमार गिरजे, सतीश , जितेंद्र भेरवे, गोकुल पुष्पद एवं गोपाल अहिरवार सहित अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। वहीं राजस्व शाखा प्रभारी एवं स्वच्छता शाखा प्रभारी को भी अपनी टीम के साथ मौके पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए थे। एसआई दीपक परमार,आरक्षक सत्येंद्र रघुवंशी सहित नगर पालिका की टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में प्रक्रिया पूरी की गई।

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में रॉयल हाईट्स के दो खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीरापुर



रॉयल हाईट्स हायर सेकंडरी स्कूल की प्रतिभावान खिलाड़ी साँची सोनी पिता दीपक सोनी एवं दीक्षा बोडाना पिता शिवसिंह बोडाना का 14 वर्ष बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ी 1 से 5 नवंबर 2026 तक शाजापुर में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगी। संस्था संचालक रणधीर सिंह ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने जिला एवं संभाग स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया है। रॉयल हाईट्स हायर सेकेंडरी स्कूल के अब तक कुल 6 खिलाड़ियों का विभिन्न राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हो चुका है, जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। क्योंकि जहां पर शैक्षणिक कार्य की श्रेष्ठता के साथ अन्य गतिविधियों में विधालय के विधार्थी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

दोनों खिलाड़ी 1 से 5 नवंबर तक शाजापुर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदर्शन करेंगी

इन खिलाड़ियों के चयन पर संस्था संचालक रणधीर सिंह, संस्था प्रबंधक यशवर्धन सिंह, वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर पुष्कर पटेल भोला सेन खेल शिक्षक अरविंद बंसल , सोनू राठौर एवं समस्त विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी विशेष प्रदर्शन कर अव्वल स्थान प्राप्त करें।

कवि सम्मेलन कल, काव्य पाठ से नागरिकों को मंत्र मुग्ध करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीरापुर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत तहसील इकाई जीरापुर के तत्वावधान में 1 नवंबर को रात्रि 8.30 बजे कवि सम्मेलन का विशाल आयोजन नगर के रामलीला मैदान चोपड़ा बाजार में रखा गया है। कवि रामेश्वरदयाल तिवारी एडवोकेट ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि अपने काव्य पाठ से नागरिकों को मंत्र मुग्ध करेंगे। अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत के तहसील अध्यक्ष रामेश्वर दयाल तिवारी स्थानीय कवि तथा कमल कांति बांगपुरा, आशुतोष शर्मा ओज कवि शिवपुरी, राम अवतार शर्मा सांड मुरैनवी हास्य कवि , गीतेश्वर देव्वाल गीतकार आष्टा , डा.राम मनावत व्यंगकार हरलायकलां, भरत पाण्डेय हास्य कवि तराना , हरि सिंह केशवाल अध्यात्मिक कवि टिकरिया , भगवान दास भृंगु हास्य कवि पचोर , हरी सिंह परिहार पतंग नरसिंहगढ़ , सुश्री रूपाली सक्सेना भोपाल , राजेश सत्यम राष्ट्रवादी कवि तलेन शामिल होंगे।

नीट में आदित्य ने हासिल किए 527 अंक

बेटे के मेडिकल कॉलेज में चयन पर आर्य परिवार ने लिया 527 पौधे वितरित करने का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

बेटे की शैक्षणिक सफलता को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नगर के आर्य परिवार ने अनूठी पहल की है। आदित्य आर्य पिता सुनील आर्य का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, सिंगरौली में प्रवेश होने की खुशी में परिवार ने 527 पौधे वितरित करने का संकल्प लिया है। परिवार ने बेटे की सफलता का जश्न पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाने का निर्णय लिया है।

दरअसल, आदित्य आर्य ने नीट परीक्षा में 527 अंक हासिल कर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया है। इसी उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए परिवार ने आदित्य के प्राप्त अंकों के बराबर 527 पौधों का वितरण करने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण का कृषि विज्ञान केंद्र में देखा प्रसारण

2.48 लाख किसानों के खातों में 49.618 करोड़ अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ में शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त के अंतर्गत गुजरात के बनासकांठा में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 680 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई। इसी क्रम में राजगढ़ जिले के 2.48 लाख लाभार्थी किसानों के खातों में 49.618 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में पानसिंह करोरिया ने अपने उद्बोधन में किसानों को उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी।

उन्होंने खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत सभी किसान भाइयों से कम से कम एक बीघा भूमि पर प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से सब्जियों का उत्पादन प्राकृतिक खेती के माध्यम से करने तथा इसके लिए घनजीवामृत एवं जीवामृत का

112 किसानों व महिला कृषकों ने लिया भाग



उपयोग करने पर जोर दिया।

तकनीकी सत्र में डॉ. लाल सिंह, वैज्ञानिक ने पौध रोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रबी फसलों में चना, गेहूं एवं मसूर की खेती में समन्वित उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी। डॉ. सुरेन्द्र कुमार कौशिक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने गेहूं एवं चने की उन्नत किस्मों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही प्राकृतिक खेती एवं खेत बचाओ अभियान की जानकारी देकर किसानों को इन गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। श्रीमती गजाला खान, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने संकुल अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन रबी के अंतर्गत बीज बुवाई, फूल आने की अवस्था, कीट प्रकोप एवं फसल कटाई के विभिन्न चरणों में जियो-टैग फोटो लेने के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने मिट्टी की जांच के लिए उपलब्ध ई-फार्म एप के उपयोग तथा स्वच्छता ही सेवा 6.0 अभियान के संबंध में भी बताया।

कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती करने वाली महिला कृषक श्रीमती प्रफुल्लबाई ने प्राकृतिक खेती के उपयोग एवं महत्व के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान उपस्थित किसानों ने गेहूं एवं चने की उन्नत किस्मों, फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की पहचान तथा उनके निदान के संबंध में वैज्ञानिकों से विस्तृत चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में जिले के 112 कृषकों, महिला कृषकों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कृषि विज्ञान केन्द्र के समस्त कर्मचारियों का योगदान रहा।